# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

E.mail : registrar@ccsuniversity.ac.in NAAC A++ Website : www.ccsuniversity.ac.in


पत्रांक :– सा०कु०स०/ 4217 दिनांक :– 31-1-2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध अनुदानित/राजकीय महाविद्यालय,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

विषय : महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकगण का वेतन आहरित करने के संबंध में।

महोदय,

कृपया, उपर्युक्त विषयक का सदंर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जैसा कि आप अवगत हैं कि परीक्षा, मूल्यांकन एवं परीक्षा परिणाम घोषित करना विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय का सामूहिक उत्तरदायित्व है। उक्त कार्यों के कुशल सम्पादन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकगणों को आदेशानुसार विभिन्न दायित्व सौंपे जाते हैं। संज्ञान में आया है कि कतिपय शिक्षकगण जिन्हें विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा कार्य सम्पन्न कराने हेतु दायित्व सौपें गये हैं, वह महाविद्यालयों से बिना कार्यमुक्त हुए सीधे अन्य महाविद्यालयों में विश्वविद्यालय द्वारा सौपें गये कार्य का निर्वहन कर रहे हैं।

उक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि ऐसे समस्त शिक्षकगण का वेतन आहरित करने का कष्ट करें। भविष्य में विश्वविद्यालय द्वारा यदि किसी शिक्षक को दायित्व सौपा जाता है तो वह महाविद्यालय से बिना अवमुक्त हुए मुख्यालय नहीं छोड़ेगे।

भवदीय,

31-1-26

कुलसचिव

प्रतिलिपि –

01 समस्त शिक्षक, सम्बद्ध अनुदानित/राजकीय महाविद्यालय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि भविष्य में विश्वविद्यालय द्वारा यदि किसी शिक्षक को दायित्व सौपा जाता है तो वह महाविद्यालय से बिना अवमुक्त हुए मुख्यालय नहीं छोड़ेगे।
02 वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को माननीया कुलपति जी के सूचनार्थ।
03 क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी, मेरठ
04 परीक्षा नियंत्रक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
05 वित्त नियंत्रक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

31-1-26

कुलसचिव